UPRVUNL

## उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन सेवा आयोग,
## उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0
( उ0 प्र0 सरकार का उपक्रम )
कक्ष संख्या 1025, दशम तल, शक्ति भवन विस्तार
14–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001
CIN: U40101UP1980SGC005065

## विज्ञापन संख्या यू–47 / यूपीआरवीयूएसए / 2022

उ० प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि० हेतु अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग–नॉन क्रीमीलेयर, आर्थिक रूप से कमजोर एवं अन्य क्षैतिज आरक्षण श्रेणी के समूह 'ख' एवं 'ग' के निम्न रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से प्रतियोगात्मक परीक्षा द्वारा चयन हेतु निर्धारित अर्हता रखने वाले भारतीय नागरिकों से **आवेदन ऑनलाइन माध्यम के द्वारा आमंत्रित हैं। अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।** श्रेणीवार रिक्तियों का विवरण निम्नवत् है :–

| पद नाम | पद कोड | अनारक्षित (UR) | अन्य पिछड़ा वर्ग–नान क्रीमीलेयर (OBC-NCL) | अनुसूचित जाति (SC) | अनुसूचित जनजाति (ST) | आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) | क्षैतिज आरक्षण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | दिव्यांगजन (PWD) | भूतपूर्व सैनिक (ESM) | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित (DFF) |
| मुख्य रसायनज्ञ | 1 | 03 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| अपर निजी सचिव | 2 | 02 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| सहायक समीक्षा अधिकारी | 3 | 02 | 04 | 02 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| लेखा लिपिक | 4 | 16 | 15 | 09 | 01 | 04 | 01 | 02 | 00 |

- ❖ लेखालिपिक पद हेतु दिव्यांगजन की चिन्हित श्रेणी {OA (one Arm), OL (One Leg), BL(Both Legs), HH(Hard of hearing), AAV(Acid Attack Victims) के अभ्यर्थियों को नियमानुसार क्षैतिज आरक्षण अनुमन्य होगा।
- ❖ उपरोक्त रिक्तियों की संख्या आवश्यकतानुसार घटाने एवं बढ़ाने का अधिकार उ० प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि० के पास सुरक्षित है।
- ❖ उक्त पदों पर आरक्षण उ0 प्र0 राज्य के मूल निवासियों को ही अनुमन्य है। अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थी अनारक्षित वर्ग के अन्तर्गत आवेदन कर सकते हैं।
- ❖ पद पेन्शनेबुल न होकर मात्र अंशदायी भविष्य निधि योजना के अन्तर्गत आवरित है।

1. वेतनमान :–

| पदनाम | पदकोड | पे मेट्रिक्स (लेबल) | प्रारम्भिक वेतन (रू0) | भत्तें |
|---|---|---|---|---|
| मुख्य रसायनज्ञ | 1 | लेवल–10 | रू0 56,100.00 | उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 में लागू नियमानुसार होगें। |
| अपर निजी सचिव | 2 | लेवल–8 | रू0 47,600.00 | |
| सहायक समीक्षा अधिकारी | 3 | लेवल–6 | रू0 36,800.00 | |
| लेखा लिपिक | 4 | लेवल–4 | रू0 27,200.00 | |

2. आयु: सभी पदों हेतु दिनॉक 01.01.2022 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष।

3. आयु में अनुमन्य छूट:
   (i) अनुसूचित जाति(SC), अनुसूचित जनजाति(ST) तथा अन्य पिछड़ा वर्ग–नानक्रीमी लेयर (OBC-NCL) के अभ्यर्थियों को जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी है, अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट अनुमन्य है।
   (ii) भूतपूर्व सैनिक(ESM) (यथा उत्तर प्रदेश के शासनादेश में परिभाषित एवं जिन्होंने सेना में कम से कम 05 वर्ष की सेवा की हो), जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी है, की वास्तविक आयु में से सशस्त्र सेना में की गई सेवा अवधि कम करते हुये परिणाम जन्य आयु उस पद/सेवा के निमित्त जिसके लिये वह नियुक्ति का इच्छुक है, विहित अधिकतम आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक न हो।
   (iii) दिव्यॉगजन (PWD candidates with 40% or above disability) अभ्यर्थियों को, जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी है को अधिकतम आयु सीमा में 15 वर्ष की छूट अनुमन्य है।

नोटः आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को आयु में केवल एक ही छूट जो अधिक लाभकारी हो अनुमन्य होगी।

4. **अनिवार्य शैक्षिक अर्हतायें एवं अनुभव :–**

| क्रम | पदनाम | विवरण |
|---|---|---|
| i | मुख्य रसायनज्ञ (पदकोड–1) | (i) विधि द्वारा उत्तर प्रदेश में स्थापित विश्वविद्यालय या इस निमित्त राज्यपाल द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी अन्य विश्वविद्यालय से रसायन शास्त्र में कम से कम द्वितीय श्रेणी में एम0एस0सी0 की उपाधि या प्रथम श्रेणी में बी0एस0सी0 की उपाधि तथा<br>(ii) न्यूनतम 100 मेगावाट के किसी भी तापीय बिजली घर में जल, कोयला तथा तेल के रसायनिक विशलेषण तथा परीक्षण का कम से कम पॉच वर्ष का अनुभव। |
| ii | अपर निजी सचिव (पदकोड–2) | (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि।<br>(ii) हिन्दी आशुलेखन में 80 शब्द प्रति मिनट की गति एवं हिन्दी व अंग्रेजी टंकण में 40–40 शब्द प्रति मिनट की गति। |
| iii. | सहायक समीक्षा अधिकारी (पदकोड–3) | (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि।<br>(ii) हिन्दी टंकण में न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट की गति। |
| iv. | लेखा लिपिक (पदकोड–4) | (i) Bachelor Degree in Commerce from a University/Deemed University established by an Act of Central Govt. or any State Govt.<br>(ii) Minimum typing speed on Computer-30/40 word per minute in Hindi/English. |

1. **उक्त सभी पदों हेतु दूरस्थ शिक्षा (Distance Learning Education) के माध्यम से प्राप्त डिग्री/परास्नातक डिग्री मान्य नही है। इनसे सम्बन्धित अभ्यर्थी आवेदन न करें।**
2. **आवेदन के समय तक स्नातक/परास्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिये।**

5. **आरक्षणः**–(i) अनुसूचित जाति(SC), अनुसूचित जनजाति(ST) तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC-NCL) तथा आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) तथा अन्य क्षैतीज आरक्षण वर्ग के अभ्यर्थियों को उ0 प्र0 राज्य में लागू नियमानुसार आरक्षण का लाभ प्रदान किया जायेगा। आरक्षण का लाभ लेने हेतु उ0 प्र0 (उत्तर प्रदेश) का मूल निवासी होना आवश्यक है। वे अभ्यर्थी जो उ0 प्र0 के मूल निवासी नहीं है, अनारक्षित श्रेणी के अन्तर्गत ही आवेदन करें। **(ii)** आरक्षित पदों की संख्या विज्ञापित रिक्तियों हेतु दी गई तालिका के अनुसार होंगे।

6. **आवेदन शुल्कः** आवेदन शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क (Processing Fees) अप्रतिदेय (Non Refundable) है।

| | | |
|---|---|---|
| मुख्य रसायनज्ञ (पदकोड–1)<br>अपर निजी सचिव (पदकोड–2)<br>सहायक समीक्षा अधिकारी (पदकोड–3)<br>लेखा लिपिक (पदकोड–4) | अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी ( उ0 प्र0 के मूल निवासी ) | रू0 826.00 (जीएसटी सहित) |
| | अन्य श्रेणी | रू0 1180.00 (जीएसटी सहित) |
| | दिव्यांगजन ( उ0 प्र0 के मूल निवासी ) | रू0 12.00 (जीएसटी सहित) |

(a) आवेदन शुल्क नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/केडिट कार्ड के द्वारा Payment Gateway of SBMOPS के माध्यम से किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन शुल्क जमा नहीं होगा। जमा करने की विधि वेबसाइट www.uprvunl.org पर उपलब्ध है, **बैंक चार्जेज अभ्यर्थी द्वारा अलग से देय होंगे।**

(b) आवेदन शुल्क के मद में जमा की गयी धनराशि किसी भी दशा में न तो वापस की जायेगी और न ही स्थानान्तरित अथवा किसी अग्रिम चयन हेतु सुरक्षित की जायेगी।

7. **पाठ्यक्रम एवं चयन प्रक्रिया** : पदवार पाठ्यक्रम एवं चयन प्रक्रिया का विवरण निम्नवत् है :–

| क्रम | पदनाम | पाठ्य एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|
| i | मुख्य रसाय्रनज्ञ (पदकोड–1) | कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) की अवधि 03 घण्टे की होगी। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 28 प्रतिशत एवं अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। |

**प्रथम भाग :–**

इस भाग में वस्तुनिष्ठ प्रकार का प्रश्न–पत्र होगा, जिसमें 150 प्रश्न होंगे, जो स्नातक रसायन विज्ञान स्तर के होंगे। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा अर्थात् यह परीक्षा अधिकतम 150 अंको की होगी। प्रत्येक गलत उत्तर के लिये ऋणात्मक 1/4 अंक प्रदान किये जायेंगे अर्थात् 1/4 अंक की कटौती की जायेगी।

**द्वितीय भाग:–**

इस भाग में 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होगें जो सामान्य हिन्दी, सामान्य ज्ञान एवं तार्किक ज्ञान (Reasoning) से सम्बन्धित होंगे। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिये ऋणात्मक 1/4 अंक प्रदान किये जायेंगे अर्थात 1/4 अंक की कटौती की जायेगी।

**चयन प्रक्रिया :–**

**(a)** कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) एवं अभिलेखीय परीक्षण तथा साक्षात्कार परीक्षा होगी। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में प्राप्त अंकों के आधार पर श्रेष्ठतानुसार, श्रेणीवार रिक्तियों के तीन गुना अभ्यर्थियों को अभिलेखीय परीक्षण तथा साक्षात्कार परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार के लिये अधिकतम 20 अंक निर्धारित है।

**(b)** कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) एवं साक्षात्कार दोनों में प्राप्त अंकों के आधार पर अभ्यर्थियों की अन्तिम मेरिट सूची बनाकर चयन की प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) एवं साक्षात्कार दोनों का योग यदि समान होते हैं तो कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में अधिक अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी।

**(c)** यदि एक से अधिक अभ्यर्थी कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में समान अंक प्राप्त करते है, तो ऐसी स्थिति में उस अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी, जिसके प्रथम भाग में अधिक अंक होंगें।

**(d)** यदि (b) एवं (c) दोनों समान हो तो जन्मतिथि के अनुसार अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी।

ii — अपर निजी सचिव (पदकोड–2)

कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) की अवधि 03 घण्टे की होगी। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) के द्वितीय भाग में अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 28 प्रतिशत एवं अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य हैं।

**प्रथम भाग कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT):–**

(i) इस भाग में NIELIT के "O" स्तर के कम्प्यूटर ज्ञान से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकार का प्रश्न–पत्र होगा, जिसमे 50 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा अर्थात् यह परीक्षा अधिकतम 50 अंको की होगी। प्रत्येक गलत उत्तर के लिये ऋणात्मक 1/4 अंक प्रदान किये जायेगें अर्थात् 1/4 अंक की कटौती की जायेगी।

(ii) कम्प्यूटर ज्ञान के प्रथम भाग की इस परीक्षा में कम से कम 20 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी को अर्ह न मानते हुए उसकी लिखित परीक्षा के द्वितीय भाग का मूल्याकंन नहीं किया जायेगा।

(iii) कम्प्यूटर ज्ञान के इस प्रथम भाग में प्राप्त किये गये अंक श्रेष्ठता निर्धारण हेतु जोडे नही जायेंगे।

**द्वितीय भाग कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT):–**

(i) इस भाग में निम्नांकित पाठ्यक्रम से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकार का प्रश्न पत्र होगा जिनके अधिकतम अंक सम्मुख अंकित है, प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिये ऋणात्मक 1/4 अंक प्रदान किये जायेंगे अर्थात 1/4 अंक की कटौती की जायेगी।

| पाठ्यक्रम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1. सामान्य हिन्दी (इण्टरमीडिएट उच्च स्तर) | 60 | 60 |
| 2. सामान्य अंग्रेजी (इण्टरमीडिएट उच्च स्तर) | 60 | 60 |
| 3. सामान्य अध्ययन | 40 | 40 |
| व | | |
| तार्किक ज्ञान | 40 | 40 |
| **कुल अंक** | | **200** |

| | | |
|---|---|---|
| | | **तृतीय भाग:–**<br>उपरोक्त द्वितीय भाग की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में प्राप्त अंको की मेरिट के आधार पर हिन्दी आशुलेखन तथा हिन्दी व अंग्रेजी की टंकण परीक्षा हेतु रिक्त पदों के विरूद्ध श्रेष्ठतानुसार व श्रेणीवार तीन गुना अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जायेगा, जिसमें सम्मिलित होना अनिवार्य है। चयन हेतु आशुलेखन में 80 शब्द प्रति मिनट की गति एवं हिन्दी व अंग्रेजी टंकण में 40–40 शब्द प्रति मिनट की गति प्राप्त करना अनिवार्य है। अर्थात आशुलेखन एवं हिन्दी व अंग्रेजी टंकण हेतु निर्धारित इस गति को प्राप्त न कर सकने वाले अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया से बाहर हो जायेगें।<br>आशुलेखन एवं टंकण परीक्षा अर्हकारी प्रकृति की होगी।<br>**1. आशुलेखन परीक्षा :–**<br>हिन्दी आशुलेखन परीक्षा के लिये दिये जाने वाले श्रुतलेख (Dictation) हेतु 05 मिनट का समय निर्धारित होगा। इस 05 मिनट की अवधि में दिये गये श्रुतलेख (Dictation) के कम्प्यूटर पर टंकण हेतु 30 मिनट का समय निर्धारित होगा और इस प्रकार इस 35 मिनट की अवधि में लिये गये श्रुतलेख एवं किये गये टंकण के आधार पर आशुलेखन गति का निर्धारण किया जायेगा।<br>**2. टंकण परीक्षा :–**<br>(a) कम्प्यूटर पर हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में टंकण की परीक्षा ली जायेगी। हिन्दी टंकण परीक्षा Kruti Dev 010 या Kruti Dev 016 फोन्ट में ली जायेगी।<br>(b) टंकण हेतु अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर पर 05 मिनट की परीक्षा में प्रतिभाग लेना होगा, जिसके आधार पर टंकण गति का निर्धारण किया जायेगा।<br><br>**चयन प्रक्रिया :–**<br>(a) आशुलेखन परीक्षा व टंकण परीक्षा में अर्ह (Qualified) अभ्यर्थियों में से द्वितीय भाग की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में प्राप्त अंको के आधार पर श्रेष्ठतानुसार, श्रेणीवार रिक्तियों के **डेढ़ गुना** अभ्यर्थियों को अभिलेखीय परीक्षण (Documents Verification) हेतु बुलाया जायेगा।<br>(b) द्वितीय भाग की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) हेतु निर्धारित 200 अंको के आधार पर ही अभ्यर्थियों की अन्तिम मेरिट सूची बनाकर चयन की प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी। यदि एक से अधिक अभ्यर्थी द्वितीय भाग की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में समान अंक प्राप्त करते है, तो ऐसी स्थिति में जन्मतिथि के अनुसार अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी। |
| iii. | सहायक समीक्षा अधिकारी (पदकोड–3) | कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) एवं टंकण परीक्षा होगी। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) की अवधि 03 घण्टे की होगी। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) के द्वितीय भाग में अनुसूचित जाति श्रेणी के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 28 प्रतिशत एवं अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।<br>**प्रथम भाग कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) :–**<br>(i) इस भाग में NIELIT के "O" स्तर के कम्प्यूटर ज्ञान से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकार का प्रश्न–पत्र होगा, जिसमें 50 प्रश्न होगें। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा अर्थात यह परीक्षा अधिकतम 50 अंको की होगी। प्रत्येक गलत उत्तर के लिये ऋणात्मक 1/4 अंक प्रदान किये जायेगें अर्थात 1/4 अंक की कटौती की जायेगी।<br>(ii) कम्प्यूटर ज्ञान के प्रथम भाग की इस परीक्षा में कम से कम 20 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी को अर्ह न मानते हुए उसकी लिखित परीक्षा के द्वितीय भाग का मूल्याकंन नहीं किया जायेगा।<br>(iii) कम्प्यूटर ज्ञान के इस प्रथम भाग में प्राप्त किये गये अंक श्रेष्ठता निर्धारण हेतु जोडे नही जायेंगे।<br>**द्वितीय भाग कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) :–**<br>इस भाग में निम्नांकित पाठ्यक्रम से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकार का प्रश्न पत्र होगा जिनके अधिकतम अंक सम्मुख अंकित है, प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिये ऋणात्मक 1/4 अंक प्रदान किये जायेंगे अर्थात 1/4 अंक की कटौती की जायेगी। |

| पाठ्यक्रम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1. सामान्य हिन्दी (इण्टरमीडिएट उच्च स्तर) | 70 | 70 |
| 2. सामान्य अंग्रेजी (इण्टरमीडिएट उच्च स्तर) | 70 | 70 |
| 3. सामान्य अध्ययन<br>व<br>तार्किक ज्ञान | 20<br><br>40 | 20<br><br>40 |
| कुल अंक | | 200 |

**तृतीय भागः–**

उपरोक्त द्वितीय भाग की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में प्राप्त अंको की मेरिट के आधार पर हिन्दी की टंकण परीक्षा हेतु रिक्त पदों के विरूद्ध श्रेष्ठतानुसार व श्रेणीवार **तीन गुना** अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जायेगा, जिसमें सम्मिलित होना अनिवार्य है। टंकण हेतु अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर पर 05 मिनट की परीक्षा में प्रतिभाग लेना होगा, जिसके आधार पर टंकण गति का निर्धारण किया जायेगा। हिन्दी टंकण परीक्षा Kruti Dev 010 या 016 फोन्ट में ली जायेगी। चयन हेतु हिन्दी टंकण में न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट की गति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अर्थात हिन्दी टंकण हेतु निर्धारित इस गति को प्राप्त न कर सकने वाले अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया से बाहर हो जायेगें। टंकण परीक्षा अर्हकारी प्रकृति की होगी।

**चयन प्रक्रिया :–**

(a) टंकण परीक्षा में अर्ह (Qualified) अभ्यर्थियों में से द्वितीय भाग की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में प्राप्त अंको के आधार पर श्रेष्ठतानुसार एवं श्रेणीवार रिक्तियों के **डेढ़ गुना** अभ्यर्थियों को अभिलेखीय परीक्षण (Documents Verification) हेतु बुलाया जायेगा।

(b) द्वितीय भाग की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) हेतु निर्धारित 200 अंको के आधार पर ही अभ्यर्थियों की अन्तिम मेरिट सूची बनाकर चयन की प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी। यदि एक से अधिक अभ्यर्थी द्वितीय भाग की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में समान अंक प्राप्त करते है, तो ऐसी स्थिति में जन्मतिथि के अनुसार अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी।

**iv. लेखा लिपिक (पदकोड–4)**

कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) एवं टंकण परीक्षा होगी। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) की अवधि 03 घण्टे की होगी। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) के द्वितीय भाग में अनुसूचित जाति श्रेणी एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 28 प्रतिशत एवं अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

**प्रथम भाग कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) :–**

**(i)** इस भाग में NIELIT के "O" स्तर के कम्प्यूटर ज्ञान से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकार का प्रश्न–पत्र होगा, जिसमें 50 प्रश्न होगें। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा अर्थात यह परीक्षा अधिकतम 50 अंको की होगी। प्रत्येक गलत उत्तर के लिये ऋणात्मक 1/4 अंक प्रदान किये जायेगें अर्थात 1/4 अंक की कटौती की जायेगी।

**(ii)** कम्प्यूटर ज्ञान के प्रथम भाग की इस परीक्षा में कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी को अर्ह न मानते हुए उसकी लिखित परीक्षा के द्वितीय भाग का मूल्याकंन नहीं किया जायेगा।

**(iii)** कम्प्यूटर ज्ञान के इस प्रथम भाग में प्राप्त किये गये अंक श्रेष्ठता निर्धारण हेतु जोडे नही जायेंगे।

**द्वितीय भाग कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) :–**

इस भाग में निम्नांकित पाठ्यक्रम से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकार का प्रश्न पत्र होगा जिनके अधिकतम अंक सम्मुख अंकित है, प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिये ऋणात्मक 1/4 अंक प्रदान किये जायेंगे अर्थात 1/4 अंक की कटौती की जायेगी।

| Syllabus | No. of questions | Max Marks |
|---|---|---|
| English (conforming to the class Xth standard.) | 25 | 25 |
| Hindi (conforming to the class Xth standard.) | 25 | 25 |
| Arithmetic (conforming to the class Xth standard) | 25 | 25 |
| Elementary Book Keeping and Accountancy (B.Com level) | 75 | 75 |
| **Total Marks** | | **150** |

| | | |
|---|---|---|
| | | **तृतीय भागः–**<br>उपरोक्त द्वितीय भाग की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में प्राप्त अंको की मेरिट के आधार पर कम्प्यूटर पर हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं की टंकण परीक्षा हेतु रिक्त पदों के विरूद्ध श्रेष्ठतानुसार व श्रेणीवार **तीन गुना** अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जायेगा, जिसमें सम्मिलित होना अनिवार्य है। चयन हेतु हिन्दी टंकण में न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट अथवा अंग्रेजी टंकण में न्यूनतम 40 शब्द प्रति मिनट की गति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अर्थात हिन्दी टंकण अथवा अंग्रेजी टंकण हेतु निर्धारित इस गति को प्राप्त न कर सकने वाले अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया से बाहर हो जायेगें। हिन्दी टंकण परीक्षा Kruti Dev 010 या 016 फोन्ट में ली जायेगी। टंकण परीक्षा अर्हकारी प्रकृति की होगी।<br>**चयन प्रक्रिया :–**<br>(a) टंकण परीक्षा में अर्ह (Qualified) अभ्यर्थियों में से द्वितीय भाग की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में प्राप्त अंको के आधार पर श्रेष्ठतानुसार एवं श्रेणीवार रिक्तियों के **डेढ़ गुना** अभ्यर्थियों को अभिलेखीय परीक्षण (Documents Verification) हेतु बुलाया जायेगा।<br>(b) द्वितीय भाग की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) हेतु निर्धारित 150 अंको के आधार पर ही अभ्यर्थियों की अन्तिम मेरिट सूची बनाकर चयन की प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी। यदि एक से अधिक अभ्यर्थी द्वितीय भाग की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में समान अंक प्राप्त करते है, तो ऐसी स्थिति में जन्म तिथि के अनुसार अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी। |

(f) परीक्षा के सभी चरणों में अभ्यर्थियों का प्रवेश विशुद्ध रूप से अनंतिम (Provisionally) होगा, जो पद के अनुरूप निर्धारित पात्रता शर्तो को पूर्ण करने के प्रतिबन्धाधीन होगा। (Admission of the candidates to all stages of the examination will be purely provisional, subject to their satisfying the prescribed eligibility conditions.) ii. कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में अर्ह अभ्यर्थियों को साक्षात्कार, आशुलेखन व टंकण परीक्षा (लागू पदों हेतु) एवं अभिलेखीय परीक्षण (Documents verification) में सम्मिलित होना अनिवार्य है। iii. If numbers of candidates are more and the CBT exam is conducted in more than one shift per day for the same post/discipline, in that case normalization formula given at Annexure-1 will be used for obtaining normalized marks in both Part-I and Part-II अथवा प्रथम भाग और द्वितीय भाग। Normalized marks. which will be used for deciding the merit.

8. **अर्हताओं एवं अन्य प्रमाण पत्रों का प्रस्तुतीकरणः**

अभ्यर्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र में उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में अस्थायी रुप से (Provisionally) सम्मिलित किया जायेगा। अभ्यर्थियों के संगत अभिलेखों की जॉच अभिलेखीय परीक्षण के समय किया जायेगा। अभ्यर्थियों के मात्र कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT), साक्षात्कार (लागू पद हेतु), टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा (लागू पद हेतु) तथा अभिलेखीय परीक्षण (Documents verification) में सम्मिलित होने से अर्हता/चयन का अधिकार प्राप्त नहीं हो जायेगा। विज्ञापित पद हेतु अभ्यर्थियों द्वारा कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) परीक्षा, साक्षात्कार (लागू पद हेतु), टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा (लागू पद हेतु) तथा अभिलेखीय परीक्षण (Documents verification) में निम्न अभिलेख/प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है :–

**(a) कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) परीक्षा के समयः**

i) प्रवेश पत्र।

ii) पासपोर्ट साइज 02 फोटोग्राफ (आवेदन पत्र में चस्पा किये गये फोटो के समान ही)

iii) वैध फोटो पहचान पत्र (ID Proof) यथा पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेन्स, वोटर आई0डी0, आधार कार्ड, पैन कार्ड, फोटोयुक्त बैंक पासबुक या सरकार द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र जो आवेदन पत्र में दिये गये नाम के अनुसार होना चाहियें। आवेदन पत्र में अंकित नाम एवं फोटो पहचान पत्र में अंकित नाम में भिन्नता होने की दशा में अभ्यर्थी चयन परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जा सकता है।

**(b) अभिलेखीय परीक्षण (Documents verification)/साक्षात्कार (Interview) के समयः**

(i) सम्बन्धित पदों हेतु वर्णित शैक्षिक अर्हता सम्बन्धी प्रमाण पत्र/प्रोविजनल प्रमाण, अंक पत्र की मूल प्रति।

(ii) हाईस्कूल प्रमाण पत्र की मूल प्रति जन्म तिथि के सत्यापन हेतु प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

(iii) अभ्यर्थियों द्वारा विज्ञापित पद हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग–नॉन क्रीमीलेयर (OBC-NCL) श्रेणी हेतु निर्गत प्रमाण पत्र दिनॉक 31.03.2022 के बाद का एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) श्रेणी हेतु निर्गत प्रमाण पत्र दिनॉक 31.03.2022 के बाद का निर्गत होना आवश्यक है। सभी श्रेणी के आरक्षण के लाभ हेतु अभ्यर्थियों को मूल निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। मूल निवास प्रमाण पत्र दिनॉक 31.05.2019 के बाद का निर्गत होना आवश्यक है।

(iv) जाति प्रमाण पत्र व मूल निवास प्रमाण पत्र तथा अनारक्षित वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र (जो अप्रासंगिक हों उन्हें छोड़कर) की मूल प्रति तथा अभिलेखों की प्रति ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्ट आउट के साथ अभिलेखीय परीक्षण के समय

लायें, जिनका मिलान मूल प्रति से किया जायेगा जिसमें भिन्नता होने की दशा में अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है। अभिलेखीय परीक्षण हेतु शार्टलिस्टेड अभ्यथियों के ही अर्हता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की जॉच विभिन्न स्तरों पर की जायेगी। अन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों में से किसी भी प्रकार की गलत सूचना देने/प्राप्त होने पर, किसी भी स्तर पर अभ्यर्थन निरस्त करने एवं चयनोंपरान्त भी की गई नियुक्ति बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के पास सुरक्षित रहेगा।

(v) वॉछित अभिलेखों की मूल प्रति प्रस्तुत न कर पाने की स्थिति में अथवा प्रस्तुत अभिलेख गलत पाये जाने पर अथवा आवेदन पत्र में दी गई सूचना विज्ञापन के अनुरूप नही होने पर अभ्यर्थी को अतिरिक्त समय नही देते हुये अभिलेखीय परीक्षण में सम्मिलित नही किया जायेगा तथा उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

(vi)ऑन लाइन आवेदन के समय सभी शैक्षिक एवं विज्ञापन में वर्णित अन्य अर्हतायें पूर्ण होनी चाहिए।

9. **<u>अनापत्ति प्रमाण पत्र</u>:** यदि कोई अभ्यर्थी किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी विभाग में कार्यरत है तो उसे नियुक्ति के समय अपने विभागाध्यक्ष द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है ।

10. **<u>वैवाहिक स्थिति</u>:** ऐसे पुरूष/महिला अभ्यर्थी जो एक से अधिक जीवित पत्नी/पति रखते हो चयन हेतु अर्ह नहीं होंगे।

11. **<u>परीक्षा स्थान</u>:–** लिखित परीक्षा लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ, गाजियाबाद एवं ग्रेटर नोएडा शहर में होगी। अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर अथवा विशेष परिस्थितियों में परीक्षा के स्थान को बदला अथवा घटाया/बढ़ाया जा सकता है। परीक्षा केन्द्र बदलने के सम्बन्ध में कोई भी Email/ पत्राचार मान्य नहीं होगा एवं परीक्षा केन्द्र बदला नहीं जा सकेगा। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण एवं Shortlisted अभ्यर्थियों का साक्षात्कार, आशुलेखन,टंकण परीक्षा (लागू पदों हेतु) अभिलेखीय परीक्षण (Document Verification) लखनऊ जनपद में होगी।

12. <u>आवेदन कैसे करें</u>:

**निर्देश:**

(i) CANDIDATES IN THEIR OWN INTEREST ARE ADVISED NOT TO WAIT TILL THE LAST DATE AND TIME TO SUBMIT THEIR APPLICATIONS. UPRVUNL SHALL NOT BE RESPONSIBLE IF CANDIDATES ARE NOT ABLE TO SUBMIT THEIR APPLICATIONS DUE TO THE LAST-MINUTE RUSH.

(ii) PLEASE RETAIN THE PRINT OUT OF THE REGISTRATION FORM AND E-RECEIPT WITH YOU FOR FUTURE REFERENCES.

(iii) PLEASE DO NOT SEND HARD COPY OF THE REGISTRATION FORM OR ANY DOCUMENTS TO THE OFFICE OF UPRVUNL.

| Important Dates | |
|---|---|
| **Opening date for Online Registration and Submission of Application Form** | **04.06.2022** |
| **Closing date for Online registration and Submission of Application form** | **25.06.2022** |
| **Online submission of Application fee through Payment Gateway (SBMOPS) via Net Banking/Credit Card/ Debit Card etc.** | **From 04.06.2022 To 25.06.2022** |

INSTRUCTIONS FOR ONLINE REGISTRATION, SUBMISSION OF APPLICATION FORM AND APPLICATION FEES

| | |
|---|---|
| 1. | Read the Instructions carefully, select "I Agree", and Press "Start" button to proceed further. |
| 2. | For detailed Notification, click here to <u>Download the Detailed Advertisement</u> Please read it carefully before filling the on-line application. |
| 3. | The number of vacancies is tentative and may increase or decrease at sole discretion of UPRVUNL. |
| 4. | Category/Sub-Category [GEN(UR)/SC/ST/OBC-NCL)/EWS/DFF] once filled by candidate in the online application form will not be changed.<br>Regarding seat reservation and relaxation in age, please refer to the detailed notification/advertisement. |
| 5. | Before starting to fill up the on-line Application, the candidate should keep at hand the following details:-<br>d) **His/Her scanned photograph (not older than 3 weeks) and signature should be in JPG/JPEG format only and maximum digital size of scanned photograph should be 50KB and signature should be 20KB.** |
| | |
| 1. | Candidates should have a valid personal e-mail ID and mobile number. It should be kept active during the |

entire recruitment process. Registration number, password, and all other important communication will be sent on the same registered e-mail ID (please ensure that email sent to this mailbox is not redirected to your junk /spam folder) and Mobile number.

II. Candidates should take utmost care to furnish the correct details while filling in the on-line application. YOU CAN EDIT THE INFORMATION BEFORE SUBMISSION OF APPLICATION FORM. **Once the form is submitted, it can't be edited**.

III. Application once submitted cannot be withdrawn and fee once paid will not be refunded in any case, neither shall be held reserved for any other recruitment nor selection process in future.

IV. The step by step process for submitting the application form is given below:

**Step-I: Registration/Sign Up of Personal Details, and Contact details. Login Id and password will be sent to you through e-mail on registered e-mail ID.**

**Step-II: Re-Login and complete the Registration of Online Application by filling-up Personal Details, Qualification Details, upload (Photo/Signature) and Declaration. Submit the Application, after submission of Application Form make payment through Online Payment Gateway i.e. State Bank Multi Option Payment System (SBMOPS) via Debit card, Credit card, Internet banking etc.**

**STEP-I: Registration**

A. The candidates agreeing to the terms & conditions may proceed further by clicking "**I Agree**" check box given below and press the "**Start**" button.

B. Sign-up by Post applied for, Candidate Name, Father Name, Mother Name, DOB, Mobile No. and E-mail ID.

C. On completion of Step-I candidates will receive User ID & Password on their registered email ID & Mobile No.

**STEP-II: Filling-up and Submission of Application Form**

D. After registration, candidate may click on "**Click here to Fill Application Form**" icon at top right corner select his/her category, Sub-Category and other mandatory details and complete Personal Details, Qualification Details, Upload photo/signature and submission of Fee through Online mode via Debit card, Credit cards, Internet Banking etc. through SBI MOPS

E. Instructions regarding scanning of Photograph and Signature: Candidates should upload the scanned (digital) image of their Photograph and Signature, as per the process given below. The applicant should note that only JPG/JPEG format is acceptable:

i. Photograph Image:

- Photograph must be a recent passport size colour picture on light background (not older than 03 weeks).
- Look straight at the camera with a relaxed face.
- The size of the scanned image should be between 20KB-50KB and should be in jpg/ jpeg format only.

ii. Signature Image:

- The applicant has to sign on white paper with Black ink pen.
- The signature must be signed only by the applicant and not by any other person.
- Please scan the signature area only and not the entire page.
- Size of file should be between 10KB-20KB and should be in Jpg/jpeg format only.

F. After uploading Photograph and Signature, click on **"Pre-View"** tab and check whether particulars filled are correct in all respects. In case of any error, the same can be edited before finally clicking Click on **"Submit"** tab. Once the application is submitted, candidates automatically will be redirected to Online Payment Gateway i.e. SBI MOPS gateway to deposit the fee through Debit Card/Credit Card/Net Banking etc.

G. Guidelines for remittance of fee through SBMOPS are as under:

- Post submission, the candidate will be re-directed to SBI MOPS gateway to make the online payment of application fees.
- Kindly verify the details and make the payment for application fees via the different online payment modes (Debit/Credit Card, Internet Banking, UPI etc.).
- After successful payment of application fees, the candidate will be redirected to his application form.

H. Candidates are advised to keep with them the copy of the e-receipt as a token of remittance of fee for future reference.

| | | |
|---|---|---|
| I. | Candidates are advised not to attempt for registration more than once. In case of multiple registrations, the one with the highest registration number will be considered as a final application. | |
| J. | Technical queries/ clarifications relating to the filling up of ONLINE APPLICATION, please feel free to contact the helpdesk at Email: **helpdesk.u44@gmail.com** and Toll Number **+91 9513165590** from 10 AM to 5 PM on working days. | |

PLEASE REFER ADVERTISEMENT AND ENSURE YOUR ELIGIBILITY FOR THE POST YOU ARE GOING TO APPLY.

*I Agree that I have read and understood clearly all the above instructions and eligibility conditions including advertisement for the Post/Discipline I am applying and agree to abide by all conditions during the process of recruitment*

START

13. **प्रवेश पत्र** : कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT), साक्षात्कार परीक्षा (लागू पद हेतु), टंकण परीक्षा/आशुलेखन परीक्षा (लागू पदों हेतु), तथा अभिलेखीय परीक्षण (Document Verification) हेतु प्रवेश पत्र के सम्बन्ध में सूचना अभ्यर्थी को उनके द्वारा आवेदन पत्र में दिये गये Registered e-mail ID पर प्रेषित किये जायेंगे। अभ्यर्थी को अपना प्रवेश पत्र निगम वेबसाइट www.uprvunl.org से डाउनलोड करना होगा। Admit Card डाक द्वारा प्रेषित नहीं किये जायेंगे।

14. **अन्य विवरण**:

(i) विज्ञापन का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.uprvunl.org पर देखा जा सकता है।

(ii) अभ्यर्थी को कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT), टंकण/आशुलेखन परीक्षा (लागू पदों हेतु), साक्षात्कार परीक्षा (लागू पद हेतु) तथा अभिलेखीय परीक्षण (Document Verification) में सम्मिलित होने हेतु किसी तरह का टी0ए0/डी0ए0 देय नहीं होगा।

(iii) उपरोक्त विज्ञापन से सम्बन्धित सभी सूचना निगम वेबसाइट www.uprvunl.org पर समय-समय पर उपलब्ध कराई जायेगी। अतः अभ्यर्थी को यह सुझाव दिया जाता है कि वह नियमित रूप से निगम की बेवसाइट एवं अभ्यर्थी आवेदन के समय अपने पंजीकृत ई. मेल आई0 डी0 देखते रहें।

(iv) अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र के साथ लगाये गये फोटो जो स्पष्ट होना चाहिये की ही प्रति प्रत्येक स्तर यथा कम्प्यूटर आधारित परीक्षा साक्षात्कार परीक्षा (लागू पद हेतु), टंकण/आशुलेखन परीक्षा तथा अभिलेखीय परीक्षण (Document Verification) एवं चयनित होने की दशा में कार्यभार ग्रहण करते समय इत्यादि पर प्रस्तुत किया जाना है। अतः यह सुझाव दिया जाता है कि प्रार्थना पत्र के साथ लगाये गये फोटो की कम से कम 06 प्रति अपने पास सुरक्षित रखे।

(v) आवदेन पत्र में किये गये हस्ताक्षर ही पूरे चयन प्रक्रिया में मान्य होगें। इसके अतिरिक्त किसी अन्य भाषा या अन्य तरह के हस्ताक्षर किये जाने पर संज्ञान में आते ही अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है।

(vi) निगम के विभिन्न ताप विद्युत गृह एवं अन्य जानकारी निगम वेबसाइट www.uprvunl.org पर उपलब्ध है। निगम में लागू अन्य सेवा शर्तें एवं समय-समय पर यथा संशोधित सेवा शर्ते लागू होगीं।

15. **पारदर्शिता**:- कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) उत्तर कुँजी (CBT) के उपरान्त 03 दिनों के अन्दर निगम की अधिकारिक वेबसाइट www.uprvunl.org पर अपलोड करा दी जायेगी एवं अपलोड की तिथि से 03 दिन तक साक्ष्य सहित आपत्ति दर्ज कराने हेतु समय दिया जायेगा। उक्त समय-सीमा के उपरान्त अथवा अन्य माध्यम से प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। प्राप्त सभी आपत्तियों को विषय विशेषज्ञों की समिति के समक्ष निराकरण हेतु प्रस्तुत किया जायेगा। निराकरण उपरान्त विषय विशेषज्ञों का निर्णय अन्तिम मानते हुये कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) का मूल्यांकन किया जायेगा। अभ्यर्थियों को निगम वेबसाइट www.uprvunl.org से कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) की रिस्पान्स शीट अपने लॉगिन आई0डी0 एवं पासवर्ड से डाउनलोड करना होगा, जिसे आयोग द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जायेगा।

16. **बन्ध पत्र**:-चयनित होने की दशा में ज्वायनिंग के समय मुख्य रसायनज्ञ (पदकोड-1) हेतु रू0 2,00,000.00 (रू0 दो लाख), अपर निजी सचिव (पदकोड-2) हेतु रू0 1,50,000.00 (रू0 एक लाख पचास हजार), सहायक समीक्षा अधिकारी (पदकोड-3) पद हेतु रू0 1,00,000.00 (रू0 एक लाख) तथा लेखा लिपिक (पदकोड-4) पद हेतु रू0 75,000/- (रू0 पचहत्तर हजार मात्र) की बन्ध राशि एवं जी0एस0टी0 (लागू दर से) का बन्ध पत्र 3 वर्षो तक के लिये विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा।

17. उपर्युक्त विज्ञापन बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 के पास सुरक्षित रहेगा।

18. उक्त विज्ञापन से सम्बन्धित चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के विवाद की दशा में मा0 न्यायालय के क्षेत्राधिकार (Jurisdiction of Court) लखनऊ क्षेत्र होगा।

19. विज्ञापन में दिये गये नियम/शर्ते मात्र दिशा निर्देश है। किसी भी अस्पष्टता की दशा में उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 में मौजूदा नीति, नियम एवं विनियम के आधार पर निर्णय लिया जायेगा।

20. यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा आवेदन के समय शैक्षिक योग्यता, जन्मतिथि, लिंग, अर्हता अथवा श्रेणी इत्यादि से सम्बन्धित या अन्य कोई जानकारी जो परीक्षा यां चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय ऑनलाइन आवेदन या आवेदन पत्र या दस्तावेज में चाही गयी है, गलत पाई जाती है तो संज्ञान में आने पर तत्काल उसका अभ्यर्थन बिना कोई कारण बताये निरस्त कर दिया जायेगा और उसे परीक्षा के आगे के चरण में भाग लेने का अधिकार नही रहेगा एवं चयनोंपरान्त भी चयनित अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। इस सम्बन्ध में कोई पत्राचार मान्य नही होगा।

21. महत्वपूर्ण तिथियॉ :

| क्र0सं0 | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन आवेदन पत्र आरम्भ करने की तिथि | 04.06.2022 |
| 2 | ऑनलाइन आवेदन पत्र की अन्तिम तिथि | 25.06.2022 |
| 3 | आवेदन शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथियॉ | 04.06.2022 से 25.06.2022 तक |

31/05/2022

सचिव

उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन सेवा आयोग